तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज हिम्मत सिंह गहलोत बनाम लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर) सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353389980436552	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/07/25	अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चोखा बाइपास रोड, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 09.06.2025 को कार्यालय तहसीलदार जोधपुर द्वारा आदेश क्रमांक–राजस्व/धारा–177/2025/1413 दिनांक 07/05/2025 को कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ उपभोग करने पर राज. काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 177 के तहत जो कार्यवाही की गई उसका सम्पूर्ण विवरण प्रतिलिपि से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.07.15 18:16:05 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
16570751